शिक्षा बोर्ड के नियमों के अन्तर्गत छूट प्राप्त करने के पश्चात केवल एक अध्यापक को, जिसके पास दो विषयों में एम०ए० की योग्यता सहित अध्यापन प्रमाण, पत्र और 25 वर्ष का अध्यापन अनुभव है, तदर्थ आधार पर प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

**अन्डमान प्रशासन के अधीन ड्राइंग अध्यापकों को स्नातकोत्तर अध्यापक ग्रेड**

181. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अन्डमान प्रशासन ने वहां के कुछ ड्राइंग अध्यापकों को स्नातकोत्तर अध्यापक का ग्रेड दे दिया है ;

(ख) क्या किसी भी संघ राज्य क्षेत्र में उक्त अध्यापकों को ग्रेड दिये जाने का कोई नियम नही है ;

(ग) यदि हा, तो अन्डमान मे कितने अध्यापकों को उक्त ग्रेड दिया गया है ; और

(घ) इस अनियमितता को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव है ?

**शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्री (श्री सिद्धार्थ शंकर राय) :** (क) से (घ). सूचना एकत्र की जा रही हैं और यथा शीघ्र सभा पटल पर रख दी जायेगी।

**उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में फारसी**

182. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने फारसी विषय को उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों से निकाल दिया है ;

(ख) क्या अन्डमान प्रशासन द्वारा अपने उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में इसे अभी तक एक विषय के रूप में रखा गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और इस बारे में उक्त प्रशासन को क्या निदेश दिये जाने की सम्भावना है ?

**शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्री (श्री सिद्धार्थ शंकर राय) :** (क) जी, नहीं।

(ख) जी हां, बशर्ते कि पढ़ने के लिए अपेक्षित संख्या में विद्यार्थी इस विषय को लें।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**अन्डमान में छुट्टी पर गये हुए अध्यापक**

183. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अन्डमान प्रशासन के अधीन कुछ अध्यापक ऐसे भी हैं जो तीन वर्ष से अधिक की अवधि से लगातार छुट्टी पर हैं ;

(ख) यदि हां, तो इतनी लम्बी अवधि के लिए उनके छुट्टी पर जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में उक्त प्रशासन से जांच पड़ताल करने का सरकार का विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो भविष्य में क्या कार्यवाही किये जाने की सम्भावना है ?

**शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्री (श्री सिद्धार्थ शंकर राय) :** (क) जी नहीं।

(ख) से (घ). प्रश्न नहीं उठता।

**Commission on Working of Akademies**

184. SHRI BISWANARAYAN SHASTRI : Will the Minister of EDUCATION AND SOCIAL WELFARE be pleased to state :

(a) whether a Commission was

appionted by Government to go into the working of the three Akademies namely, Sangeet Natak Akademi, Lalit Kala Akademi and Sahitya Akademi ;

(b) if so, the terms of reference ; and

(c) when the Commission is likely to submit its report ?

THE MINISTER OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE (SHRI SIDDHARTHA SHANKAR RAY) : (a) Yes, Sir.

(b) (i) To review the working of the three National Akademies and the Indian Council for Cultural Relations with reference to their overall objectives and the recommendations made by the Bhabha Committee.

(ii) To suggest measures for improving working of these bodies and strengthening their activities in relation to broad priorities ;

(iii) To recommend a suitable pattern of organisation and suggest changes as may be necessary in the articles of association (rules and regulations) consistent with the requirements of autonomy and public accountability.

(c) The Committee originally was requested to submit its report within six months. Its term was extended upto 18th August, 1971 but the Chairman has requested for a further extension.

## मूर्तियों की चोरी

185. श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली : क्या शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में विभिन्न स्थानों से चुराई गई उन दुर्लभ और प्राचीन मूर्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें सरकार ने मूर्ति चोरों से बरामद किया ; और

(ख) ये मूर्तियां किस युग की थीं और उनका अनुमानित मूल्य क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (श्री सिद्धार्थ शंकर राय) : (क) पिछले तीन वर्षों में केंद्रीय संरक्षित पुरातत्वीय स्मारकों/स्थानों तथा संग्रहालयों से चोरी की गई मूर्तियों में से 309 मूर्तियां वापस मिल गई हैं।

(ख) ये मूर्तियां भारतीय इतिहास के पूर्व गुप्त तथा मध्यकालीन कालों से संबंधित हैं। क्योंकि ये मूर्तियां बेचने के लिए नहीं है इसलिए उनका मूल्य नहीं आंका गया है।

## मध्य प्रदेश में कृषि कार्यों के लिए स्टेट बैंक आफ इण्डिया द्वारा ऋणों का दिया जाना

186. श्री फूलचन्द्र वर्मा : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या स्टेट बैंक आफ इन्डिया ने मध्य प्रदेश मे कृषि प्रयोजनों हेतु ऋण देना बन्द कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो कब से और इसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) जी, नहीं।

(ख) यह प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

## Central Government Employees Serving on Deputation in Public Undertakings

187. SHRI M. RAM GOPAL REDDI : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) the number of Central Government employees serving on deputation in the Central Government Public Undertakings categorywise as on 1st January, 1971 ; and

(b) whether there is any proposal before Government for withdrawing them from the undertakings ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) Data collected during the last three months in respect of 73 enterprises shows that there are 12422 Central Government deputationists working in these Public Enterprises, of whom 35 are in the scale of Rs. 2500-3000 and above, the remaining deputationists being in other low